ADITYA BIRLA

HINDALCO

**दिनांक :** 22.08.2025

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
रेनुकूट वन प्रभाग,
रेनुकूट–सोनभद्र।

**विषय :** जनपद–सोनभद्र के रेनुकूट वन प्रभाग अन्तर्गत रेनुसागर से हिण्डालको संस्थान तक 132 के0वी0 विद्युत ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण हेतु मेसर्स हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0 को 25 वर्षों हेतु (दि0 15.10.1996 से दिनांक 14.10.2021 तक) लीज पर हस्तान्तरित 52.9666हे0 वन भूमि के लीज को आगामी 25 वर्षों हेतु (दिनांक 15.10.2021 से 14.10.2046 तक) नवीनीकरण किये जाने के सम्बन्ध में।
**Online Proposal No. FP/UP/TRANS/41830/2019**

**संदर्भ :**
1. सहायक वन महानिरीक्षक (केन्द्रीय) भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ का पत्रांक 8B/UP/04/32/2022/F.C./172 दिनांक 30.01.2025
2. कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक 2088/11–सी–FP/UP/TRANS/41830/2019 दिनांक 31.01.2025
3. आपका पत्रांक 2808/रेनुकूट/15–27 दि0–18.02.25 एवं 408/रेनुकूट/15–27 दि0–05.08.2025
4. इस संस्थान का पत्र दिनांक 19.05.2025

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रकरण में अपने संदर्भित पत्र का अवलोकन करने की कृपा करें। आपके संदर्भित पत्र के अनुपालन में अवगत कराना है कि भारत सरकार (MoEF) द्वारा प्रकरण में इंगित कमियों के निराकरण हेतु कृत कार्यवाही का बिन्दुवार विवरण निम्नप्रकार है –

**बिन्दु संख्या 1 से 3 तक :** क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिये पूर्व में चयनित वन क्षेत्रों में से आपत्ति लगाये गये क्षेत्रों के स्थान पर अन्य वन क्षेत्रों के चयन हेतु अनपरा वन रेंज के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ संस्थान के प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 29.04.2025 को ही संयुक्त रूप से अनपरा रेंज के अन्तर्गत अन्य वन क्षेत्रों का अवलोकन किया गया, जो वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त परिलक्षित हुए। वृक्षारोपण हेतु चयनित वन क्षेत्रों (Polygon) का भू–सत्यापन Arc Gis Field Map (DSS Analysis Offline 2025 App) के माध्यम से किया जाना है।

**बिन्दु संख्या 4 :** प्रस्तावित वन क्षेत्र में पातन हेतु वृक्षों के विवरण के सम्बन्ध में आप संज्ञानित ही है कि नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत प्रश्नगत प्रकरण में 132 के0वी0 विद्युत ट्रांसमिशन लाइन पूर्व से ही निर्मित है। अतः प्रश्नगत प्रकरण में वृक्षों के पातन का कोई औचित्य नहीं है।

अतः श्रीमान् जी से अनुरोध है कि विषयांकित प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

सधन्यवाद,

Received
23.08.2025

भवदीय,
कृते हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

Vijay Kant

(विजय कान्त दूबे)
हेड–लीगल

**Hindalco Industries Limited**
**Corporate Office:** 6th & 7th Floor, Birla Centurion, Pandurang Budhkar Marg, Worli, Mumbai - 400030, India | T: +91 22 66626666/62610555 | F: +91 22 62610400/62610500
**Registered Office:** 21st Floor, One Unity Center, Senapati Bapat Marg, Prabhadevi, Mumbai - 400013, India | T: +91 22 69477000 / 69477150 | F: +91 22 69477001/69477090
**W:** www.hindalco.com | **E:** hilinvestors@adityabirla.com | **Corporate ID No.:** L27020MH1958PLC011238